## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
## आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बीएसएनएल के 97 हजार से अधिक नए स्वदेशी 4जी मोबाइल टावरों का किया शुभारंभ : कहा– भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा भारत।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी लखनऊ से वर्चुअली कार्यक्रम में हुए शामिल : मुख्यमंत्री ने कहा– ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई तकनीक और गति देगा बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क।
3. मुख्यमंत्री ने श्रावस्ती में करीब 510 करोड़ रुपए लागत की 54 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण : कहा– प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहा है नए भारत का निर्माण।

और

4. वाराणसी में कल से शुरु होगा तीन दिवसीय एमएसएमई सेवा पर्व : केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी करेंगे समारोह की अध्यक्षता।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत बीएसएनएल द्वारा स्थापित 97 हजार से अधिक नए स्वदेशी 4जी मोबाइल टावरों का शुभारंभ किया। लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी वर्चुअली कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उन पाँच शीर्ष देशों में शामिल होगा जिनके पास अपना 4जी और 5जी नेटवर्क होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत भविष्य में दूरसंचार प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह से स्वदेशी 4जी तकनीक विकसित की है। उन्होंने कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और विशेषज्ञता से बीएसएनएल ने इतिहास में एक नया अध्याय रचा है। बाइट...

*हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह स्वदेशी चार जी टेक्नोलॉजी विकसित कर ली है। अपनी मेहनत, अपनी लगन, अपनी कुशलता से बीएसएनएल ने। नया इतिहास रच दिया है और मैं इस काम में जुड़े हुए देश के नौजवानों को, उनकी टैलेंट को और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने जो बड़ा काम किया है, मैं उन सभी नौजवानों को बहुतबहुत बधाई देता हूं।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत दुनिया के सामने आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। श्री योगी ने कहा कि बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई तकनीक और गति

देगा। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल की  यह सेवा नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री जी के विजन को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। बाइट...

*आज की सेवाएं हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह हमारे दूर दराज के क्षेत्रों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम देने वाला है। ये नए भारत का और विकसित भारत की आधारशिला तभी होगी जब ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर होगी। बीएसएनएल की भारत नेट की सेवा एक नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री जी के विजन को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।*

केंद्रोय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 4जी सेवा विकसित करने वाला भारत विश्व का पांचवा देश बन गया है। बाइट...

*बीएसएनएल ने पूरे भारत में लगभग एक लाख स्वदेशी चार जी साइटों को तैनात किया है जो बाईस मिलियन ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है और हर दिन चार डेट बट डेटा ट्रांसफर कर रहा है। हमारी यात्रा, चुनौती और उपलब्धियां दोनों का उदाहरण है। दुनिया के कुछ सबसे बड़े और सबसे अधिक संसाधन संपन्न देश हमसे पिछड़ गए हैं।*

चंदाली के निवासी छविनाथ ने बताया कि सेवाओं के शुरु होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से इंटरनेट की सुविधा हासिल होगी । बाइट...

*अगल बगल गांव में टावर लगाया गया है तब से हम गरीबों को आदिवासियों को बहुत बड़ी सुविधा मिलेगी। हमारे गांव में आज आय निवास और जितने भी सरकारी व्यवस्था है, सब हम गरीबों को बहुत सुनिश्चित रूप से मिलेंगे।*

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज श्रावस्ती में करीब पांच सौ दस करोड़ रूपये लागत की चौवन परियोजनाओं

का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि भारत जितना मजबूत होगा लोक कल्याण का मार्ग उतना ही सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। बाइट...

*एकता और विकास की प्रक्रिया के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतत्व में आगे बढ़ रहे हैं नये भारत का दर्शन हो रहा है। विकास और विरासत की एक नई आभा देश के अंदर देखने को मिल रही है। भारतीय संसकृति जितनी समृद्ध होगी, भारत उतना मजबूत होगा। लोककल्याण और वैश्विक कल्याण का मार्ग उतना ही सशक्त होगा। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आज नया भारत दुनिया को यही संदेश देगा।*

मुख्यमंत्री ने महर्षि बाल्मिकी आश्रम और दिगम्बर जैन परिसर में नवनिर्मित मंदिर का लोकार्पण भी किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जनपद बहराइच में मानव वन्यजीव संघर्ष से पीड़ित ग्रामवासियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इलाके का हवाई सर्वेक्षण भी किया।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में सुबह 11 बजे देश विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समस्त नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजधानी लखनऊ में एक मीडिया समूह द्वारा आयोजित 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन'–2047 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत–2047' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश इस लक्ष्य का नेतृत्व करेगा।

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज मथुरा के बरसाना में परिवार सहित श्रीजी राधारानी के दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिर के पुजारियों ने उन्हें कमल का पुष्प भेंट किया । इस अवसर पर उन्होंने देश में खुशहाली औऱ समृद्धि की कामना की। बाइट....

*ये धरती जो आध्यात्मिक धर्म और संस्कृति की धरती है उससे नई ऊर्जा मिलती है देश में समृद्धि ओर खुशहाली आई यही कामना कर रहे है।*

——————————

वाराणसी में कल से 30 सितंबर तक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एम. एस. एम. ई. सेवा पर्व मनाया जाएगा। केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी समारोह की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में 1500 से ज्यादा लाभार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में खादी आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार भी भाग लेंगे। एम. एस. एम. ई. के संयुक्त सचिव विपुल गोयल ने आज जानकारी देते हुए बताया कि इस सेवा पर्व के तहत श्रमदान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रहो है। आज, अपनी विशेष श्रृंखला– 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने इतिहास को संजोने, देशभक्ति की प्रेरणा देने और पीढ़ियों को बलिदान की भावना से जोड़ने वाले स्मारकों का निर्माण करके भारत की कालातीत विरासत और नायकों का सम्मान किया है।

*एक राष्ट्र का निर्माण उसके नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, विचारकों और विरासत के संरक्षकों के साहस से होता है, जो त्याग और दूरदर्शिता के माध्यम से उसके भाग्य का निर्माण करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, मौजूदा स्मारकों का पुनरुद्धार और नए स्मारकों का निर्माण किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नए संसद भवन का उद्घाटन करते हुए ऐसे प्रतीकों के महत्व को रेखांकित किया।*

*देश अपने सभी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्र रक्षा में अपने आपको दिन–रात थकाने वाले, आहूत करने वाले वीर–वीरांगनाओं को आज देश नमन कर रहा है।*

*नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक हमारे सैनिकों के साहस और बलिदान के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। ये सिर्फ संरचनाएं ही नहीं है, बल्कि अतीत और भविष्य के बीच के जीवंत सेतु हैं, विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।*

———————————

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। एक रिपोर्ट....

*नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्वास्थ्य सेवा और प्रमुख क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कर कटौती की घोषणा की है। जिम और फिटनेस सेंटरों पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिसका उद्देश्य लोगों के लिए स्वस्थ जीवनशैली को और अधिक किफायती बनाना है। इस कटौती से जिम की सदस्यता में भी वृद्धि होने और जिम मालिकों की आय में वृद्धि होने की संभावना है। इसके साथ ही नए जीएसटी संरचना में दूध से बने पेय पदार्थों और सूखे मेवों जैसे स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थों पर भी 5 प्रतिशत की दर लगाई गई है, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूक मध्यम वर्गीय परिवारों को कर में राहत मिलेगी।*

*प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस महीने की 21 तारीख को नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और घरेलू उद्योगों, छोटे निर्माताओं, स्थानीय कारीगरों और एमएसएमई को बढ़ावा देने का आग्रह किया है। समर्थ सिंह के साथ सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————